# आकर्षण का केंद्र बना नेपा लिमिटेड द्वारा बनाया गया सेल्फी प्वाइंट




नेपा लिमिटेड द्वारा बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते मतदाता। • नईदुनिया

नेपानगर। स्वच्छता ही सेवा विशेष स्वच्छता अभियान का तीसरा चरण उत्साह और उमंग के साथ जारी हैं। अभियान में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा नेपा मिल परिसर तथा प्रशासनिक कार्यालय सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता का संदेश देने हेतु सेल्फी बूथ बनाए गए हैं। कर्मचारियों सहित स्थानीय नागरिक विशेष रूप से युवाओं और बच्चों द्वारा सेल्फी क्लिक कर स्वच्छता के तीसरे चरण के विशेष अभियान में अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया प्रत्येक नागरिक को मतदान करना चाहिए। बिना किसी प्रलोभन और स्वार्थ के मतदान करने से ही हम बेहतर सरकार व देश को विकसित कर सकते हैं। मतदाताओं को अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। इसी के तहत कंपनी में भी मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास कर रही है।

# सेल्फी पॉइंट्स बनाकर दिया जा रहा स्वच्छता का संदेश




**नेपानगर @ पत्रिका.** स्वच्छता ही सेवा विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 उत्साह और उमंग के साथ जारी है। नेपा लिमिटेड द्वारा नेपा मिल परिसर तथा प्रशासनिक कार्यालय सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता का संदेश देने के लिए सेल्फी बूथ बनाए गए हैं। इन सेल्फी बूथों पर नेपा मिल कर्मचारियों सहित स्थानीय नागरिकों विशेष रूप से युवाओं और बच्चों द्वारा सेल्फी क्लिक कर स्वच्छता के तीसरे चरण के विशेष अभियान में सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

# सेल्फी पॉइंट्स बनाकर नेपा लिमिटेड द्वारा दिया जा रहा है स्वच्छता का संदेश




**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।** स्वच्छता ही सेवा विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 उत्साह और उमंग के साथ जारी हैं। इस अभियान में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा नेपा मिल परिसर तथा प्रशासनिक कार्यालय सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता का संदेश देने हेतु सेल्फी बूथ बनाए गए हैं। इन सेल्फी बूथों पर नेपा मिल कर्मचारियों सहित स्थानीय नागरिकों विशेष रूप से युवाओं और बच्चो द्वारा सेल्फी क्लिक कर स्वच्छता के तीसरे चरण के विशेष अभियान में अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

# नेपा लिमिटेड द्वारा सेल्फी पॉइंट्स बनाकर स्वच्छता का दिया संदेश




विनय उजाला

**नेपानगर, निप्र।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में भारत सरकार के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान तीसरा चरण चलाया जा रहा हैं। जिसमें स्वच्छता ही सेवा विशेष स्वच्छता अभियान तीसरे चरण को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा हैं। इस अभियान में अधिकतम




सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नेपा मिल परिसर तथा प्रशासनिक कार्यालय सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता का संदेश देने हेतु सेल्फी बूथ बनाए गए हैं। इन सेल्फी बूथों पर नेपा




मिल कर्मचारियों सहित स्थानीय नागरिकों विशेष रूप से युवाओं और बच्चो द्वारा सेल्फी क्लिक कर स्वच्छता के तीसरे चरण के विशेष अभियान में अपनी अपनी सहभागिता दे रहे है।